web Ñ www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

SJU Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, शुक्रवार 26 जुलाई 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-294

# बोरिस जॉनसन की कैबिनेट में भारतीय मूल की पहली गृह मंत्री बनीं प्रीति पटेल

**» पीएम मोदी की हैं प्रशंसक**



लंदन। पूर्ववर्ती थेरेसा मे सरकार की मुखर आलोचक और ब्रेक्जिट की समर्थक प्रीति पटेल, नवनियुक्त बोरिस जॉनसन की सरकार में गृह मंत्री बनी हैं। प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की टीम में इस अहम पद पर पहुंचने वाली वह पहली भारतीय मूल की नेता हैं।

गुजराती मूल की नेता प्रीति ब्रिटेन में भारतीय मूल के लोगों के सभी प्रमुख कार्यक्रमों में अतिथि होती हैं। ब्रिटेन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्साही प्रशंसक के रूप में प्रीति को देखा जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री टेरीजा मे की ब्रेक्जिट रणनीति के मुखर आलोचकों में शामिल प्रीति पटेल ने बुधवार को नये प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की कैबिनेट में गृह मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। इस प्रकार वह ब्रिटेन में भारतीय मूल की पहली गृह मंत्री बनीं। प्रीति कंजरवेटिव पार्टी नेतृत्व के लिए ''बैक बोरिस'' अभियान की प्रमुख सदस्य थीं और पहले से संभावना थी कि उन्हें नई कैबिनेट में कोई बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है।

उन्होंने उनकी नियुक्ति की घोषणा से कुछ घंटे पहले कहा, ''यह महत्वपूर्ण है कि कैबिनेट आधुनिक ब्रिटेन और आधुनिक कंजरवेटिव पार्टी को प्रदर्शित करे। कंजरवेटिव पार्टी की नेता प्रीति पटेल को साजिद जावीद की जगह गृह मंत्री बनाया गया है। साजिद जावीद पाकिस्तानी मूल के हैं और वित्त मंत्री बनाया गया है। इस पद पर पहुंचने वह पहले जातीय अल्पसंख्यक समुदाय के नेता हैं। इससे पहले ब्रिटेन में सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के नेता व पूर्व विदेश सचिव बोरिस जॉनसन मंगलवार को अगला प्रधानमंत्री चुने गए। उन्होंने अपने विजय भाषण में समर्थकों को तेजी के साथ बेहतर काम करने का भरोसा जताया। जॉनसन की जीत शानदार रही और उन्होंने 92,153 वोट हासिल किए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी जेरेमी हंट महज 46,656 वोटों पर सिमट गए।

जॉनसन की शानदार जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर उन्हें बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर लिखा में आपकी सफलता की कामना करता हूं। भारत-यूके की साझेदारी को और मजबूत करने के लिए आपके साथ काम करने की आशा करता हूं। बता दें कि 55 साल के बोरिस जॉनसन ब्रेग्जिट के प्रबल समर्थक हैं। उन्होंने इसके पक्ष में जमकर अभियान चलाया था।



## हेलिकॉप्टर दुर्घटना में 2 चालकों सहित 4 की मौत

मेक्सिको सिटी। मेक्सिको के दक्षिणी राज्य मिकोआकन में बुधवार को एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके एक पुलिस अधिकारी, एक अधिकारी तथा हेलिकॉप्टर के दो चालकों की मौत हो गयी।

प्रांतीय गवर्नर सिल्वानों ऑरोओलेस कोनेजो ने ट्विटर पर लिखा, मैं दुख के साथ बताना चाहता हूं कि पुलिस अधिकारी जोस मार्टिन गोडो कास्ट्रो, सामाजिक बीमा प्रणाली के प्रमुख जर्मन ओटेंगा के साथ-साथ दुर्घटनाग्रस्त हेलिकॉप्टर के दो चालकों की मौत हो गयी।

उन्होंने बताया कि खराब मौसम के कारण दुर्घटना की आशंका है, लेकिन आधिकारिक जांच के बाद ही इस बारे में स्पष्ट रूप से कुछ कहा जा सकता है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### काबुल में बस को निशाना बनाकर किया धमाका, पांच की मौत, 10 घायल

काबुल। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में बम धमाके की खबर आ रही है। बताया जा रहा है कि एक के एक लगातार 3 धमाके हुए हैं। अधिकारियों के मुताबिक धमाके में 5 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 10 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर है। धमाकों की ताकत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता था कि इसकी आवाज कई किलोमीटर तक सुनाई दी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है और हमलावरों की तलाश तेज कर दी गई है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरने वालों की संख्या बढ़ने के आसार हैं। अफगान पुलिस का कहना है कि एक आत्मघाती हमलावर ने खदान मंत्रालय के कर्मचारियों को लेकर जा रही एक बस के सामने खुद को उड़ा लिया जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और 10 लोग घायल हो गए। आंतरिक मंत्रालय के प्रवक्ता नसरत रहीमी ने कहा कि मारे गए सभी लोग सरकारी कर्मचारी थे।

### त्रिलोकपुरी में गैस एजेंसी पर दिनदहाड़े डकैती

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली स्थित त्रिलोकपुरी के 31-ब्लॉक में दिनदहाड़े गैस एजेंसी डकैतों ने धावा बोल दिया. सात-आठ बदमाशों ने हथियारों की नोंक पर लूट की वारदात को अंजाम दिया. बताया जा रहा है कि बदमाशों ने गैस एजेंसी में मौजूद करीब आधा दर्जन कर्मचारियों समेत आठ लोगों को बंधक बना लिया और एक लाख से अधिक की नकदी और दो मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए. इस दौरान बदमाशों ने हवाई फायरिंग भी की. घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है. इसके साथ ही सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से बदमाशों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है. इस बारे में पुलिस ने बताया कि मयूर विहार के त्रिलोकपुरी में विनोद कुमार गुप्ता की ध्रुव भारत गैस एजेंसी है. बुधवार को दोपहर बाद यहां आधा दर्जन कर्मचारियों के साथ ही दो ग्राहक भी मौजूद थे. तभी चार मोटरसाइकिलों पर आए बदमाशों ने गैस एजेंसी में घुसकर लोगों के ऊपर पिस्टल तान दीं.

### देश में आठ मिनट में एक बच्चा लापता: रेड्डी

नईदिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस के टी सुब्बारामी रेड्डी ने देश के विभिन्न हिस्सों से बच्चों के लापता होने पर गहरी चिन्ता व्यक्त करते हुए इसकी जांच के लिए विशेष प्रकोष्ठ गठित करने की मांग की। रेड्डी ने राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान कहा कि देश में आठ मिनट पर एक बच्च लापता हो रहा है। दिल्ली में तो हर दिन बच्चे लापता हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में इस प्रकार की घटनायें सबसे अधिक होती है। देह व्यापार के लिए भी बच्चों के लापता होने की घटनायें हो रही है। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने इस सम्बन्ध में दिशा निर्देश दिया है और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से भी लापता बच्चों को लेकर कई कार्यक्रम चलायें जा रहे हैं इसके बावजूद बच्चों के लापता होने की घटनायें हो रही है। उन्होंने ऐसे मामलों की जांच के लिए विशेष प्रकोष्ठ बनाने की मांग की।

### बेटी की शादी की तैयारियों के लिए पेरोल पर बाहर आई नलिनी

**» राजीव गांधी हत्याकांड**

चेन्नई (आरएनएस)। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या मामले के दोषियों में एक एस. नलिनी को गुरुवार को तमिलनाडु की वेल्लोर जेल से एक महीने की पेरोल पर रिहा कर दिया गया। मद्रास उच्च न्यायालय ने पांच जुलाई को नलिनी को एक महीने की पेरोल मंजूर की थी। नलिनी ने हालांकि अपनी बेटी की शादी की तैयारियों के लिए छह महीनों की पेरोल की मांग की थी। नलिनी ने अपने मामले की बहस खुद की थी। अदालत ने नलिनी से राजनेताओं या मीडिया से ना मिलने के लिए कहा है। नलिनी ने अपनी याचिका में कहा कि आजीवन कारावास के प्रत्येक कैदी को दो साल जेल में रहने के बाद एक महीने की पेरोल स्वीकृत है और उसने पिछले 27 सालों से एक भी छुट्टी नहीं ली है।

## इलेक्ट्रिक व्हीकल समेत कई चीजों के दाम हो सकते हैं सस्ते

**» जीएसटी कांउसिल की बैठक**

नईदिल्ली (आरएनएस)। गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) कांउसिल की आज बैठक है. ये मीटिंग दोपहर बाद होने जा रही है. इस बैठक को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये संबोधित करेंगी. इस बैठक में बैटरी से चलने वाली कार और स्कूटर में जीएसटी की दर में कटौती की जा सकती है. इस फैसले से ये सभी चीजें सस्ती हो जाएंगी. ये प्रस्ताव पिछली जीएसटी काउंसिल की बैठक में भी आया था.



लेकिन वहां पर कुछ सदस्यों ने कहा कि जो इलेक्ट्रिक व्हीकल है और जो चार्जर है, उसकी कीमतों में अंतर है. इसलिए इस पूरे प्रस्ताव को एक बार फिर से फिटमेंट कमेटी को भेजा जाना चाहिए. दरअसल, ई-वाहनों की घरेलू स्तर पर मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने को केंद्र ने जीएसटी दर को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने की सिफारिश की है. यदि ऐसा होता है तो देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के दाम कम हो जाएंगे.

इस बैठक में सोलर पावर जेनरेशन सिस्टम और विंड टर्बाइन प्रोजेक्ट पर जीएसटी दर को कम किया जा सकता है. बता दें कि पिछले माह राज्यों के वित्त मंत्रियों के साथ जीएसटी काउंसिल की बैठक हुई थी, जिसमें इलेक्ट्रिक व्हीकल, इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन और किराए पर इलेक्ट्रिक व्हीकल में जीएसटी में छूट का देने का प्रस्ताव रखा गया था.

## ट्रंप मुद्दे से ध्यान भटकाने लोस में पेश होगा तीन तलाक

**» कांग्रेस का आरोप**

नईदिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार गुरुवार को लोकसभा में तीन तलाक विधेयक पेश कर सकती है। कांग्रेस विधेयक के वर्तमान स्वरूप का विरोध करने के लिए तैयार है। कांग्रेस का कहना है कि इस पर कानून बनाने से पहले संबद्ध समुदाय से विचार करना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सूत्रों ने कहा कि पार्टी ने अपने सांसदों को सदन में विधेयक पेश करने के समय उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी कर दिया है। तीन तलाक पर प्रतिबंध लगाने के विधेयक को लाने के सरकार के फैसले के बाद कांग्रेस ने यह कहते हुए इसका विरोध किया कि इसके लिए सबसे पहले मुस्लिम समुदाय से चर्चा करनी चाहिए।



कांग्रेस के लोकसभा सांसद मनीष तिवारी ने ट्वीट किया, तीन तलाक विधेयक आज लोकसभा में नाटकीय रूप से पेश किया जा सकता है। मोदी द्वारा ट्रंप को कश्मीर में मध्यस्थता के दिए गए आमंत्रण के मुद्दे से भटकाने के लिए? अगर राजग/भाजपा मुस्लिम पर्सनल लॉ में दखल देने के लिए लालायित हैं तो वह मुस्लिम समुदाय से चर्चा कर 1950 के दशक के हिंदू कोड बिल की तरह कानून क्यों नहीं बनाते?

केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने विपक्ष के विरोध के बावजूद 21 जून को लोकसभा में मुस्लिम महिला (विवाह पर अधिकारों की रक्षा) विधेयक 2019 पेश किया था। विपक्ष की मांग थी कि सभी राजनीतिक दलों को व्यापक चर्चा में शामिल करने के बाद इसे पेश किया जाना चाहिए।

विपक्ष विधेयक के वर्तमान स्वरूप के खिलाफ है। विपक्ष का तर्क है कि इसमें सिर्फ मुस्लिमों को निशाना बनाया जाएगा। यहां तक कि राजग की सहयोगी जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) भी इसके खिलाफ है।

## महिला के पेट से निकली डेढ़ किलो जूलरी और सिक्के

बीरभूम (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल में एक महिला के पेट से इतने गहने और सिक्के निकले कि डॉक्टर भी हैरान रह गए. एक डॉक्टर ने बताया कि पश्चिम पंगाल की बीरभूमि जिले के सरकारी अस्पताल में मानसिक रूप से अस्थिर महिला के पेट से डेढ़ किलो गहने और सिक्के निकाले गए.

रामपुरहाट के सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में सर्जरी विभाग के प्रमुख सिद्धार्थ बिस्वास ने कहा कि 26 साल की महिला के पेट से 5 और 10 रुपये के 90 सिक्के निकाले हैं. गहने ज्यादातर तांबा और पीतल के बने थे, लेकिन कुछ सोने के भी हैं.

महिला की मां के मुताबिक उन्होंने नोटिस किया कि अपने घर से गहने गायब हो रहे थे. लेकिन जब हम पूछताछ करते तो वह रोने लगती. हम उस पर नजर रखते थे. मगर किसी तरह वह इन सबको निगलने में सफल हो जाती थी. वह पिछले दो महीनों से ठीक नहीं थी. हम उसे विभिन्न निजी डॉक्टरों के पास ले गए थे, मगर उन दवाइयों का कोई असर नहीं हो रहा था.



महिला की मां ने कहा कि मेरी बेटी मानसिक रूप से अस्वस्थ है. पिछले कुछ दिनों से वह खाना खाने के बाद उल्टी कर दी थी. उसने कहा कि उसकी बेटी को उसके भाई की दुकान से सिक्के मिले हैं.

ज्ञात हो कि महिला को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने लगभग एक सप्ताह तक विभिन्न परीक्षण करने के बाद बुधवार को उसका ऑपरेशन किया.

## स्पाइसजेट की फ्लाइट में 6 महीने की बच्ची की मौत

**नईदिल्ली (आरएनएस)। पटना से दिल्ली जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट में 6 माह के बच्ची की मौत हो गई। बच्ची ह्दयरोग से पीड़ित थी। रास्ते में बच्चे की तबीयत बिगड़ गई।**




बच्ची की पहचान रचिता कुमारी के रूप में हुई है। बच्ची बिहार में बेगूसराय के बरौनी जिला के निंगा की रहने वाली थी। उसका परिवार उसे इलाज के लिए स्पाइसजेट की फ्लाइट नंबर एसजी 8481 से दिल्ली ला रहा था। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के डीसीपी संजय भाटिया ने बच्ची की मौत की पुष्टि की है। बताया जाता है कि बच्ची जन्मजात हृदयरोगी थी और दिल्ली में ही उसका इलाज चल रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बच्ची के दिल में छेद था और उसके परिजन उसका दिल्ली स्थित एम्स से ही इलाज करवाते थे।

## पश्चिम बंगाल में बीजेपी सांसद के घर पर फेंके गए बम

**» टीएमसी पर लगा आरोप**

कोलकाता (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल में राजनीति हिंसा थमने का नाम ही नहीं ले रही है. खबर है कि भारतीय जनता पार्टी के बैरकपुर के सांसद अर्जुन सिंह के घर के बाहर बुधवार रात बम फेंके गए हैं. हमलावरों ने ये बम भाटपारा स्थित मजदूर भवन के बाहर फेंके हैं. अर्जुन सिंह के परिजनों ने जानलेवा हमले का आरोप लगाया है.

जानकारी के मुताबिक लोकसभा चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल में शुरू हुई हिंसा लगातार बढ़ती जा रही है. भाटपारा नगर निगम के प्रमुख और अर्जुन सिंह के भतीजे सौरभ सिंह ने आरोप लगाया है कि हमलावरों ने पहले तो घर के बाहर बम से हमला किया उसके बाद गोलियां भी चलाई. घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने अर्जुन सिंह के घर के बाहर से कारतूस के कुछ खोखे भी बरामद किए हैं.



सौरभ सिंह ने इस हमले के पीछे सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेताओं का हाथ बताया है. हमले के बाद से अर्जुन सिंह की सुरक्षा बढ़ा दी गई है. मामले की गंभीरता को देखते हुए अर्जुन सिंह के आवास के बाहर पुलिस, आरएएफ की तैनाती की गई है.

बीजेपी नेताओं की ओर से दावा किया गया है कि हमलावरों ने सात-आठ राउंड फायर भी किया गया है. हमलावरों ने जिस तरह से हमला किया है उससे लगता है कि वह पूरी तैयारी करके आए थे और उनका मकसद हमें मारना था.

## केजरीवाल बदले की भावना से काम करते हैं: अल्का

नई दिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी (आप) की विधायक अल्का लांबा ने एक बार फिर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर ट्वीटर के जरिए जमकर हमला बोला है. चांदनी चौक से विधायक अल्का लांबा ने केजरीवाल पर आरोप लगाते हुए ट्वीट किया कि वे बदले की भावना से काम करते हैं. अल्का ने बताया कि वे अपने क्षेत्र में सीसीटीवी लगवाने का काम कर रही हैं जिसमें अब केजरीवाल बाधा बन रहे हैं और ऐसा वे सिर्फ बदले की भावना के चलते कर रहे हैं.

अल्का ने इस दौरान कहा कि केजरीवाल के इस व्यवहार से चांदनी चौक विधानसभा क्षेत्र के आम लोगों पर खासा प्रभाव पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि ऐसा कर आप क्या बताना चाहती है. सीसीटीवी के काम में क्यों बाधाएं उत्पन्न की जा रही है. एक अन्य ट्वीट में अल्का ने आप को चेतावनी दी कि वे अपने क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा के लिए सरकार के खिलाफ लड़ने से भी नहीं डरती हैं.

अल्का ने इस दौरान ट्वीट किया कि वे आप की इस बदले की भावना का काम का शिकार नहीं होंगी. मैं किसी से भी नहीं डरती हूं. आप को लोगों को जवाब देना होगा कि सीसीटीवी का काम क्यों रोका गया. क्या अब आप में और अन्य राजनीतिक पार्टियों में कोई फर्क नहीं रह गया है.

इस दौरान अल्का ने एक और ट्वीट कर फिल्म सुपर 30 दिल्ली में टैक्स फ्री करने की बात पर भी तंज कसा. उन्होंने कहा कि फिल्म को टैक्स फ्री करने के लिए यह शर्त रखी गई कि उसमें दिल्ली के सरकारी स्कूलों की तारीफ की जाए. अल्का ने कहा कि ऐसी क्या जरूरत आ गई कि तारीफ करवाने की शर्त रखनी पड़ी.





गौरतलब है कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब अल्का लांबा ने पार्टी के खिलाफ कुछ कहा हो, इससे पहले भी लोकसभा चुनावों के दौरान उन्होंने पार्टी पर खुद को दरकिनार करने का आरोप लगाया था. आप का आम चुनावों के दौरान खराब प्रदर्शन के बाद अल्का ने कहा था कि पार्टी ने उन्हें ऑफिशियल व्हॉट्सएप ग्रुप से भी हटा दिया गया है. ये एक तरीका है खराब प्रदर्शन का ठीकरा उनके सिर फोड़ने का.